चरक जयन्ती समारोह का आयोजन

9 अगस्त 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय अन्तर्गत गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज् आयुर्वेद कालेज के पंचकर्म सभागार में संहिता सिद्धांत एवं संस्कृत विभाग द्वारा चरक जयन्ती के अवसर पर वर्तमान स्वास्थ्य परिदृश्य और गतिहीन जीवन शैली में चरकोक्त आयुर्वेद सिद्धांतों की प्रासंगिकता विषय वाद प्रतिवाद प्रतियोगिता और क्वीज प्रतियोगिता और चरक शपथ का आयोजन किया गया। जिसमें तीनों समूह स्थापन, प्रतिस्थापन,और वितण्ड ने अपने अपने विचार तर्क और चरक संहिता के संदर्भों के अनुसार व्यक्त किया। छात्रों ने अपने विचार रखने के लिए पीपीटी प्रजेंटेशन का भी सहारा लिया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ नवीन ने सभी प्रतिभागियों के प्रति साधुवाद प्रदान करते हुए विजयी समूह स्थापना समूह की घोषणा किया।और पुरस्कार वितरित किए।डा परिक्षित , डा सुमित और डा गोपीकृष्ण ने निर्णायक की भूमिका निभाया

चरक जयन्ती के अवसर पर डा साध्वी नन्दन पाण्डेय ने महर्षि चरक के जीवन परिचय को बताते हुए कहा कि महर्षि चरक मात्र शरीर ही नहीं दशों इन्द्रिय,मन, आत्मा तक स्वास्थ्य की कामना की है और इसके बारे में चरक संहिता में उल्लेख किया है। स्वस्थ के स्वास्थ्य का रक्षण करना और रोगी के विकार का शमन करना ही आयुर्वेद का प्रायोजन है। आयुर्वेद को जन जन तक पहुंचाने में महर्षि चरक और ऋषि परंपरा के शिष्यों, अनुयायियों का अहम भूमिका है आज परंपरागत ज्ञान भारत के सूदूर ग्रामों में भी देखने को मिलता है। जिसमें महर्षि चरक का अतुलनीय योगदान है।

कार्यक्रम का संचालन बीएएमएस द्वितीय वर्ष के छात्र शौर्य और आशमा ने किया। सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार ज्ञापन करते हुए डा शान्ति भूषण ने कहा कि चरक संहिता के स्वास्थ्य के सूत्र आज भी प्रासंगिक और सत्य सिद्ध होते है जिन्हें जीवन में धारण कर हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।कार्यक्रम अंत में संहिता सिद्धांत विभाग के ओर से मिष्ठान वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में प्रथम और द्वितीय वर्ष के सभी छात्रों के साथ आयुर्वेद कालेज के सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

SHNATH INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
Faculty of Ayurveda

Freeze
GURU GORAKSHNATH INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
Faculty of Ayurveda
CHARAKA JAYANTI
Department of Samhita, Siddhanta and Sanskrita organizes
Sambhasha
Relevance of Charakokta Ayurveda principles in current health scenario W.S.R sedentary lifesty
Date: 09 August 2024, Time : 11:15 AM to 01:15 PM
Venue :
Panchakarma Auditorium
आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर -273007 (उ.प्र.)
E-mail : mguniversitygkp@mgug.ac.in
Website : www.mgug.ac

GURU GORAKSHNATH INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES